卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 105 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦22 जनवरी 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# आ गये राम लला पूरी हुई पांच सौ वर्षों की तपस्या



## अभिजीत मुहूर्त में पूरी हुई प्राण प्रतिष्ठा, मोदी,योगी और मोहन भागवत बने यजमान

अयोध्या (उद ब्यूरो)। पांच सौ सालों के लम्बे इंतजार के बाद आखिरकार रामलला गर्भ गृह में विराजमान हो गये हैं। भव्य राम मंदिर में आज विधि विधान से रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की गयी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में अनुष्ठान का नेतृत्व किया। प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान में पीएम मोदी, संघ प्रमुख भागवत और सीएम योगी यजमान बने। राम लला की मूर्ति का पीएम मोदी ने मंत्रोच्चारण के बीच अनावरण किया। प्राण प्रतिष्ठा के लिए पूरी राम नगरी को आध्यात्मिक रंग देकर सजाया गया है। मंदिर परिसर की छटा देखती ही बनती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित लोकप्रिय क्रिकेटर, मशहूर हस्तियां, उद्योगपति, संत और विभिन्न



राज्यों से 50 से अधिक मनोरम वाद्ययंत्रों के माध्यम से लगभग दो घंटे तक मंगल ध्वनि की गयी, जिसे सुनकर हजारों लोग रोमांचित हो उठे। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम गर्भगृह में पहुंचे इसके साथ ही प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान भी शुरू हो गया। दोपहर 12:20 बजे प्राण प्रतिष्ठा शुरू हुई।रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के





देशों के प्रतिनिधियों सहित हजारों लोग राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बने। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अंतर्गत प्रात: काल 10 बजे से 'मंगल ध्वनि' से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा। विभिन्न में सम्मिलित होने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सुबह 10:25 बजे अयोध्या एयरपोर्ट पहुंचे और 10:55 बजे राम जन्मभूमि पर उनका आगमन हुआ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चांदी का छत्र लेकर राम मंदिर के दौरान गर्भगृह में पीएम नरेंद्र मोदी ने रामलला की पूजा–अर्चना की और इसके बाद मूर्ति का अनुष्ठान पूरा किया गया। इसके बाद पीएम मोदी ने रामलला की आरती की ।इस (शेष पृष्ठ सात पर)

## आलौकिक रूप देख भावुक हुए लोग

अयोध्या। गर्भगृह में विराजमान रामलला की जैसे ही भक्तों ने पहली छवि देखी तो ऐसी खुशी हुई कि कई लोगों की आंखों से आंसू बह निकले। रामलला के मुकुट में नौ रत्न सुशोभित हैं और गले में सुंदर रत्नों की माला है। भगवान रामलला की कमरबंद भी सोने से बना है। रामलला के आभूषणों में रत्न, मोती, हीरे शामिल हैं। बालकांड रमचरितमानस में रामलला का जैसा वर्णन किया गया है, वैसी ही रामलला का विग्रह सुशोभित हो रहा है। रामलला के चरणों में वज्र, ध्वजा और अंकुश के चिन्ह शोभित हैं। कमर में करधनी और पेट पर त्रिवली हैं। रामलला की विशाल भुजाएं आभूषणों से सुशोभित हैं। रामलला की छाती पर बाघ के नख की बहुत ही निराली छटा है। छाती पर रत्नों से युक्त मणियों के हार की शोभा है। हाथ में स्वर्ण धनुष–बाण हैं, रामलला को पीली धोती पहने हुए नजर आ रहे हैं। इस मूर्ति को कर्नाटक के मूर्तिकार अरुण योगीराज ने बनाया है जिसे शालीग्राम शिला से बनाया गया है। यह काले रंग का पत्थर होता है। शास्त्रों और धर्म ग्रंथों में शालीग्राम पत्थर को साक्षात भगवान विष्णु का स्वरूप माना गया है और मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम भगवान विष्णु के ही सातवें अवतार माने गए हैं। शालीग्राम शिला की आयु हजारों साल होती है। यह जल रोधी होती है। चंदन और रोली लगाने से मूर्ति की चमक प्रभावित नहीं होगी। नख से शिखा तक रामलला की मूर्ति की कुल ऊंचाई 51 इंच है और वजन करीब 200 किलो है।

## सीएम ने किया राम चरित मानस की चौपाईयों का पाठ

देहरादून (उद संवाददाता)। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पूरे देश में उत्साह है। देवभूमि में भी माहौल पूरी तरह राममय हो गया है। प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सुबह मुख्यमंत्री आवास स्थित देवालय में श्री रामचरितमानस की चौपाइयों का पाठ किया। इसके उपरांत उन्होंने आवास



परिसर में स्थित गौशाला पहुंचकर गौ माता की सेवा भी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में श्री राम मंदिर के रुप में सनातन संस्कृति के वैभव की पुनर्स्थापना का साक्षी बनना हम सभी के लिए परम सौभाग्य का क्षण है। कहा कि 500 वर्षों के लंबे संघर्ष और अनेक रामभक्तों (शेष पृष्ठ सात पर)

## हर तरफ राम मय नजर आया माहौल

रुद्रपुर( उद संवाददाता) ।आज अयोध्या धाम में श्री रामलला की मूर्ति का प्राण प्रतिष्ठा समारोह दिव्य और भव्य रूप से मनाया जा रहा है और पूरा देश इस ऐतिहासिक पल का साक्षी बन रहा है ।जहां अयोध्या में तमाम महत्वपूर्ण लोगों का जमावड़ा लगा हुआ है और सभी राममय में नजर आ रहे हैं। वहीं रुद्रपुर में भी राम भक्त आस्था के सैलाब में डूबे नजर आ रहे हैं। भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक और राम भक्त भारत भूषण चुघ आज शहर के विभिन्न मंदिरों में पहुंचे जहां उन्होंने मंदिरों में शीश नवाकर प्रभु राम से आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि आज कि वह पीढ़ी सौभाग्यशाली है जो प्रभु राम का दिव्य और भव्य मंदिर देख रही हैं जो सैकड़ो वर्षों की तपस्या का फल है। इस मंदिर निर्माण के लिए तमाम कारसेवकों ने अपने जीवन का बलिदान दिया और लाखों साधु संतों ने श्री राम मंदिर के लिए आहुति दी। ऐसे मे आज 22 जनवरी का दिन इतिहास के पन्नों में सदैव के लिए दर्ज हो जाएगा कि जब अयोध्या धाम में भव्य और दिव्य मंदिर में प्रभु राम लाल विराजमान हो रहे हैं ।उन्होंने कहा कि प्रभु राम करोड़ों लोगों के आराध्य हैं और ऐसे में सैकड़ो वर्षों के संघर्षों के बाद आज यह दिन एक पावन पर्व के रूप में सामने आया है। उन्होंने कहा कि पिछले कई दिनों से उन्होंने मलिन बस्तियों में पूजा सामग्री व कैलेंडर वितरित किए और सभी राम भक्त आज अपने घरों कोदीयों से प्रज्जवलित करें और आज के इस दिन को भी दिवाली के रूप में मनाए। उन्होंने ओमेक्स स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर से शोभायात्रा में प्रतिभाग किया ।जहां सभी राम भक्तों ने जय श्री राम का उदघोष किया। उसके पश्चात श्री चुघ ने कस्तूरी वाटिका के सेंट्रल पार्क में अपने परिवार सहित 11 कुंडीय यज्ञ हवन में भाग लिया और पूर्णाहुति (शेष पृष्ठ सात पर)



## श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम

रूद्रपुर/हल्द्वानी(उद संवाददाता)। अयोध्या नगरी में में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को देखते हुए चप्पे–चप्पे पर पुलिस तैनात रही। कार्यक्रम के दौरान किसी तरह की अराजकता न हो इसके लिए सुरक्षा के पुख्ता इंजाम किए गए। हर आने जाने वाले संदिग्ध लोगो पर भी पुलिस की पैनी नजर रही। सोमवार को अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन हुआ। आयोजन को भव्य बनाने के लिए रूद्रपुर, हल्द्वानी, किच्छा, सितारगंज, खटीमा, नानकमत्ता, गदरपुर, बाजपुर, काशीपुर सहित सभी शहरों में व्यापक इंतजाम किए गए। पूरे शहर को जहां (शेष पृष्ठ सात पर)

# सीएम धामी ने लाभार्थियों से किया वर्चुअल संवाद




रुद्रपुर(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत रविवार को जनपद उधम सिंह नगर के लाभार्थियों के साथ वर्चुअल संवाद किया। मुख्यमंत्री से संवाद के दौरान राष्ट्रीय आजीविका मिशन से जुड़ी श्रीमती कमला ने कहा कि उन्होंने एन.आर.एल.एम के तहत पहले एक लाख रूपये और उसके बाद दो लाख रूपये का सीसीएल लिया। उनके समूह से 10 महिलाएं जुड़ी हैं, कोरोना काल में सरकार द्वारा समूह को दो बार 06-06 हजार रूपये की धनराशि दी गई। श्रीमती कमला ने कहा कि उनकी मासिक 20 से 25 हजार रूपये की बचत हो जाती है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थी श्री विक्की सिंह ने बताया कि पहले वे टूटी-फूटी झोपड़ी में रहते थे। उन्हें पीएम आवास योजना के लाभ मिला और घर में बर्तन खरीदने के लिए राज्य सरकार की ओर से भी 5 हजार रूपये मिले। इसके अलावा उन्होंने केन्द्र एवं राज्य सरकार की अनेक योजनाओं का लाभ लिया है। तपन मजूमदार ने कहा कि उन्हें नजूल नीति का लाभ मिला। इसका लाभ लेने के लिए उन्हें किसी भी ऑफिस के चक्कर नहीं लगाने पड़े। इसकी सभी औपचारिकताएं जल्द पूर्ण हुई। श्रीमती कविता तिवारी ने कहा कि उन्होंने 10 लाख रूपये के कृषि यंत्र लिये, जिसमें उन्हें 08 लाख रूपये की सब्सिडी मिली। उन्होंने कहा कि उन्हें प्रक्रिया शुरू करने के बाद सब्सिडी का लाभ बहुत जल्दी मिल गया था। उधम सिंह नगर के श्री सलमान और श्रीमती हिना ने उनके बच्चे का नि:शुल्क ईलाज होने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार भी व्यक्त किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य मुख्य सेवक होने के नाते वे लोगों से विभिन्न योजनाओं का निरंतर फीडबैक लेते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 15 नवंबर को जनजातीय गौरव दिवस पर विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया गया था। उनके विकसित भारत के संकल्प को साकार




करने के लिए देश भर में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। महज कुछ ही दिनों में इस यात्रा ने लाखों गांवों की यात्रा तय की है, जो अपने आप में एक रिकॉर्ड है। इस यात्रा के माध्यम से केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने साढ़े 9 वर्षों में अपने महत्वपूर्ण निर्णयों, दूरदर्शी सोच एवं योजनाओं से हर वर्ग को लाभान्वित किया है। केंद्र सरकार और राज्य सरकार की योजनाएं लोगों के लिए काफी सहायक सिद्ध हुई हैं। उन्होंने कहा कि आज किसी को भी सरकार के पीछे भागने की आवश्यकता नहीं है, सरकार स्वयं आगे बढ़कर काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रत्येक व्यक्ति को आगे बढ़ाने का कार्य हो रहा है। उन्होंने केन्द्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने वाले लोगों से आह्वाहन किया कि सभी पात्र लोगों को योजनाओं का पूरा लाभ मिले, इसके लिए अन्य लोगों को भी जागरूक किया जाए। 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में हम सबको अपना योगदान देना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखण्ड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य का हर क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है। सड़क, रेल, रोपवे और हवाई कनेक्टिविटी का राज्य में तेजी से विस्तार हुआ है। मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा ने मुख्यमंत्री धामी का ऊधम सिंह नगर के लाभार्थियों से संवाद करने के लिए आभार प्रकट किया। उन्होने बताया कि लाभार्थियों में ग्राम्य विकास विभाग द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना से सुश्री कमला कशिश एवं प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) से विक्की सिंह, नजूल नीति से तपन मजूमदार, कृषि विभाग द्वारा जिला योजना के अन्तर्गत सुश्री कविता तिवारी, उद्योग विभाग द्वारा पीएमईजीपी के माध्यम से सुश्री स्नेहा जिन्दल, उद्यान विभाग द्वारा जिला योजना के अन्तर्गत पॉली हाउस के लिए विश्वजीत सिंह, महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना से सुश्री रानी, पशुपालन विभाग द्वारा गोट वैली योजना के अन्तर्गत श्री अर्पण कुमार एवं जल निगम द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत शन्तिपुरी के ग्राम खमिया नं0-1 से ग्राम प्रधान विमला जोशी एवं राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अर्न्तगत पुत्र के निशुल्क उपचार के सम्बन्ध में सलमान व हिना से मुख्यमंत्री ने संवाद किया। इस अवसर पर पीडी डीआरडीए हिमांशु जोशी, मुख्य कृषि अधिकारी ऐके वर्मा, मुख्य उद्यान अधिकारी भावना जोशी, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी नफील जमील, मुख्य चिकित्साधिकारी मनोज शर्मा, जिला प्रोवेशन अधिकारी व्योमा जैन सहित अन्य अधिकारी एवं विभिन्न योजनाओं के लाभार्थी उपस्थित थे।

# एलायंस कालोनी में रही श्री राम मंदिर लोकार्पण की धूम



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। अयोध्या में भगवान श्री राम के भव्य मंदिर के लोकार्पण अवसर पर यहां काशीपुर रोड़ स्थित एलायंस कालोनी में आज पूजा अर्चना के साथ खुशियां मनाई गई। मुख्य गोल चक्कर पर सभी कालोनी वासी एकत्रित हुए जहां उन्होंने विशेष पूजा कर तिलक लगाया और एक दूसरे को मंदिर के लोकार्पण की बधाई दी। इस दौरान विधायक शिव अरोरा सहित तमाम राम भक्तों ने बड़ी एलईडी स्क्रीन पर प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम देखते हुए पूजा अर्चना की। सभी राम भक्तों द्वारा श्री हनुमान चालीसा का पाठ और भजन कीर्तन भी किये गये। इस मौके पर मिष्ठान वितरण के साथ आतिशबाजी भी छोड़ी गई। कार्यक्रम में विधायक



शिव अरोरा, हरनाम चौधरी, महेन्द्र सिंह , राकेश बत्रा, मनीष छावड़ा, राजीव आनन्द, रामबाबू वर्मा, मनु खुराना, राजेश डाबर, रवि खुराना, पुरूषोत्तम छावड़ा, राकेश नागपाल, मनीष गगनेजा, भारत कुमार, सतीश अरोरा, मनोज गुम्बर सहित कई भारी संख्या में कालोनी वासी मौजूद थे।





# खेलो इंडिया अंडर 17 बालिका टूर्नामेंट का शुभारंभ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने हेतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर की खेल नीति संबंधित प्रयास अत्यन्त सराहनीय है। इसी के तहत विधायक शिव अरोरा और रीजनल स्पोर्ट्स अफसर साई ज्योति साह द्वारा खेलो इंडिया के छठे संस्करण अंडर-17 बालिका टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया और आल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन के संज्ञान में उत्तराखंड स्टेट फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा अमेनिटी स्पोर्ट्स अकादमी में खेलो इंडिया अंडर-17 बालिका का शुभारंभ हुआ। टूर्नामेंट में 6 टीमों ने प्रतिभाग कर रही हैं ।टूर्नामेंट लीग बेसेस में खेला जाएगा। इन्ही ग्रुप के गत दिवस दो मैच खेले गए। पहला मैच केआर लीडर्स काशीपुर और थंडर एफसी के मध्य खेला गया जिसमें केआर लीडर ने थंडर एफ को 3- ० से करारी शिकस्त दी। दूसरे मैच में हिमालयन टिगर्स एफसी और दानू स्पोर्ट्स अकादमी के मध्य खेला गया। मैच बड़ा रोमांचक रहा ,दोनो ही टीमों ने एक दूसरे के डिफेंस को भली भांति जांचा पर अंतिम समय में दानू स्पोर्ट्स अकादमी ने मैच को 1- ० से जीत लिया। मेच में मुख्य रेफरी मोहमद सलीम, लव कुश और उनकी टीम उपस्थित रही। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि अमेनिटी स्पोर्ट्स अकादमी के संस्थापक सुभाष अरोरा, उत्तराखंड स्टेट फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव सईद अख्तर अली , कोऑर्डिनेटर मयंक सांगरी , जीवन सिंह बिष्ट उपस्थित रहे।



रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# भारत की आत्मा पर आज भी श्रीराम अंकित: स्वामी उमेशानंद

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अयोध्या के नवनिर्मित श्रीराम मंदिर में प्रभु के नूतन विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के उपलक्ष्य में दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिव्य गुरुदेव श्री आशुतोष महाराज जी के शिष्य स्वामी उमेशानंद जी ने बताया कि 'आज श्रीराम के अयोध्या आगमन पर हर ओर आनंद की लहर है, जो दर्शाती है कि भारत की आत्मा पर आज भी श्रीराम अंकित हैं। जिन्होंने भी मन्दिर निर्माण में बलिदान दिए और अपने जीवन आहूत किये, आज उनके संघर्षों का संस्मरण दिवस भी है। इस नवनिर्मित मन्दिर की नींव किसी ईंट या गारे से नहीं बनी, बल्कि इसमें लाखों-करोड़ों राम भक्तों के वर्षों का तप, प्रेम, प्रतीक्षा, प्रार्थना व श्रद्धा समाहित है। जो लोग श्री राम को केवल काल्पनिक पात्र भर कहते थे, उन्हें आज समझना होगा कि श्रीराम सनातन सत्य हैं। दिव्य गुरुदेव श्री आशुतोष महाराज जी कहते हैं कि 'हिटलर, मुसोलिनी हुए कि नहीं, एक बार के लिए इस बात पर संशय किया जा सकता है। लेकिन श्रीराम हुए थे, ये बात सत्य थी, सत्य है और सत्य ही रहेगी। इस सत्य व इससे जुड़ी जीवन-गाथा की थाह लेने के लिए आपको 'दिव्य दृष्टि' की आवश्यकता है। यह दिव्य अंतरदृष्टि श्रीराम के अस्तित्व का सबसे अकाट्य प्रमाण है। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान पिछले चार दशकों से श्रीराम कथा के भव्य आयोजनों से श्रीराम के आदर्शों की सुरभि समाज में चतुर्दिक फैला रहा है। 1980 के दशक में जब दिव्य गुरुदेव श्री आशुतोष महाराज जी ने संस्थान की नींव रखी, तब जो उद्घोष बुलन्द किया, वह था 'जय श्रीराम'! गोस्वामी तुलसीदास जी ने रामचरित मानस में श्रीराम की वास्तविक भक्ति की ओर इंगित करते हुए कहा 'राम भगति चिंतामनि सुंदर। बसइ गरुड़ जाके उर अंतर।। परम प्रकास रूप दिन राती। नहिं कछु चहिअ दिआ घृत बाती।। दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज जी ने श्रीराम की उसी भक्ति को विश्वभर के करोड़ों साधकों के जीवन में सिद्ध किया। ब्रह्मज्ञान की दीक्षा के द्वारा आध्यात्मिक जिज्ञासुओं के घट में श्रीराम का साक्षात दर्शन करवा उनके हृदयों को अयोध्या सम पावन कर दिया। जिस प्रकार आज श्रीराम के बाह्य अयोध्या आगमन पर हम उल्लसित हैं, ऐसे ही जब ब्रह्मज्ञान द्वारा श्रीराम का आगमन हमारे हृदय मन्दिर में भी होगा तब निश्चित ही धरा पर राम-राज्य स्थापित हो जाएगा। इसी राम-राज्य की स्थापना के लिए संस्थान कटिबद्ध है। संस्थान का प्रतिनिधित्व करते हुए अंतर्राष्ट्रीय सचिव, स्वामी नरेन्द्रानंद जी ने अभिवादन संदेश में विश्व भर में स्थित श्रीराम भक्तों, कार्यकर्ताओं एवं दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज जी के अनुयायियों को बधाई दी तथा श्रीराम मंदिर तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान को श्रीराम मंदिर स्थापना समारोह में आमंत्रित करने के लिए धन्यवाद किया। स्वामी नरेन्द्रानंद जी ने बताया कि 'इस पावन अवसर पर संस्थान की ओर से संस्थान की विभिन्न शाखाओं का संचालन कर रहे संत समाज की उपस्थिति रहेगी। तत्पश्चात स्वामी जी ने अपने श्रद्धेय दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज जी के संकल्प को दोहराया 'राम राज्य साकार हो उठे कलयुग सतयुग बन जाये। ऐसी कृपादृष्टि करदो प्रभु स्वर्ग धरा पर आ जाये।' उन्होंने बताया कि ये पंक्तियाँ वास्तव में एक विशेष भजन का मुखड़ा हैं जिसमें दिव्य गुरु श्री आशुतोष महाराज जी ने राम राज्य की स्थापना का एक अद्भुत दर्शन प्रदान किया है। महाराज जी की आज्ञा से पिछले चार दशकों से ही इस भजन का गायन संस्थान द्वारा आयोजित आध्यात्मिक कार्यक्रमों में नियमित रूप से किया जाता है तथा संस्थान द्वारा टेलीकास्ट और वेबकास्ट किये जाने वाले सभी कार्यक्रमों में इसे मोंटाज के रूप में प्रथम स्थान पर चलाया जाता है। अपने अंतिम उदगार में स्वामी जी ने पुन: सभी को शुभकामनायें दी और कहा कि 'आज भारतीय संस्कृति, जो सनातन है, उसकी स्थापना की ओर एक विशेष कदम बढ़ा है। इसलिए हम लक्ष्य रूप में कहते हैं, "अब हृदय मंदिर के धाम भी, प्रतिष्ठा करेंगे श्री राम की!" साध्वी राबिया भारती, साध्वी पूजा भारती, जोगिंदर यादव, ओ. पी अरोड़ा , कुलवंत सिंह, प्रेम बल्लभ भट्ट, कमलेश भट्ट, जेपी यादव कार्यक्रम में उपस्थित रहे।






## योगी सेना ने धूमधाम से निकाली शोभा यात्रा

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। राष्ट्रीय योगी सेना द्वारा प्रभु श्री राम के सम्मान में गत दिवस फुटबॉल मैदान ट्रांजिट कैंप से हनुमान शोभा यात्रा बड़े ही धूम-धाम से निकाली गई। जिसमें विधायक शिव अरोरा एवं दर्जा राज्य मन्त्री उत्तम दत्ता भी सम्मिलित हुए। इसी पूर्व एक सभा का आयोजन किया गया जिसमें वक्ताओं



ने संगठन के उद्देश्यों तथा कार्यों पर विस्तार से बताया। शोभा यात्रा में प्रदेश प्रभारी हयात सिंह बिष्ट, मण्डल अध्यक्ष हरिओम, प्रदेश अध्यक्ष डा. एसपी भारद्वाज, किशन यादव, रविन्द्र यादव, किशनपाल, प्रेमपाल, जितेन्द्र, चन्द्रपाल कोली, हिमांशु तोमर, अमित कौशिक, रामअवतार शर्मा, अरविन्द प्रजापति आदि ने प्रतिभाग किया।

## कौशल्या मंदिर में अनुष्ठानों के साथ देखा राम मंदिर का लोकार्पण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गंगापुर मार्ग स्थित कौशल्या एनक्लेव कालोनी के कौशल्या मंदिर प्रांगण में विगत एक माह से चल रहे धार्मिक अनुष्ठानों का आज विधि पूर्ण समापन किया गया। आज प्रात अखंड रामायण का पाठ समापन होने के बाद मंदिर परिसर में हवन यज्ञ किया गया। उसके बाद राम



मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का प्रोजेक्टर पर लाइव प्रसारण लोगों को दिखाया गया तथा प्रसाद वितरण के बाद विशाल भंडारा किया गया। इस दौरान समिति द्वारा कन्यापूजन भी कराया गया। मंदिर परिसर में श्री राम मंदिर के साथ सेल्फी प्वाइंट बनाकर लोगों ने सेल्फी का भी खूब आनंद उठाया। मंदिर समिति ने इस एक माह के कार्यक्रम के भली-भांति पूर्वक समापन होने पर सभी लोगों का हार्दिक धन्यवाद दिया। इस कार्यक्रम में हजारों भक्तजन उपस्थित थे।

## श्री राम मंदिर के लोकार्पण पर दुर्गा मंदिर में हुए अनुष्ठान

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। अयोध्या में श्री राम मंदिर के लोकार्पण के शुभ अवसर पर हर्ष व्यक्त करते हुए भक्त जनों ने श्री दुर्गा मंदिर में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किये। इस मौके पर पंडित नवीन मिश्रा द्वारा सभी देवी देवताओं को नये अंग वस्त्र धारण कराये गये तथा हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। श्रीराम की आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान मंदिर कमेटी की अध्यक्ष रेनू अरोरा, गुरूशरण बब्बर उर्फ सन्नी, किशन नारंग, यमन अरोरा, वर्षा अरोरा, विद्या विरमानी, मंजू गाबा, दिवेन्द्र कुकरेती, किशन मुरारी धीर, अंजली मिश्रा, कंचन धीर, सुमन धीर, राजू शर्मा, कोनिका धीर, संजना कोली, कोनिका गुम्बर, चेतन धीर, संदीप धीर, सुमन मदान, नीलम अरोरा आदि मौजूद थे।



## गणेश उपाध्याय ने लोस चुनाव के लिए ठोकी दावेदारी

रुद्रपुर( उद संवाददाता)।प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता व पूर्व दर्जा राज्यमंत्री डा. गणेश उपाध्याय ने पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल को नैनीताल ऊधमसिंह नगर से सांसद का चुनाव लड़ने का अपना दावा पेश किया। डा. गणेश उपाध्याय ने कहा कि पिछले चालीस साल से कांग्रेस से जुड़े हैं और पहली निवार्चित उत्तराखंड सरकार में तत्कालीन सीएम एनडी तिवारी के सलाहकार भी रह चुके हैं। डा. गणेश उपाध्याय ने दावा किया है कि वे नैनीताल और यूएस नगर की सभी चौदह विधानसभा सीटों पर हर घर से जुड़े हैं और यहां की समस्याओं के निस्तारण के लिए लोकसभा में दमदार तरीके से सवाल उठाना चाहते हैं। उन्होंने यह भी दावा किया है कि यदि कांग्रेस ने टिकट दिया तो उन्हें छात्र नेताओं के साथ ही व्यापारियों, इंजीनियर और किसानों, राज्य आंदोलनकारियों का भारी समर्थन मिलेगा। डा. गणेश उपाध्याय ने कहा कि वे मूलरूप से मैकेनिकल इंजीनियर रहे हैं। इसके बाद वे छात्र राजनीति में आए और अविभाजित यूपी के दौर से अब तक कांग्रेस के विभिन्न पदों पर काम कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि पिछले दस साल में नैनीताल- यूएस नगर की जनता केवल ठगी गई है। सिडकुल पन्तनगर से तमाम कम्पनियां पलायन कर चुकी हैं। छात्रों को भविष्य के लिए तैयार करने के लिए केन्द्रीय व्यवसायिक शिक्षा विश्वविद्यालय की स्थापना लोकसभा क्षेत्र में की जानी चाहिए जिससे व्यवसायिक पाठ्यक्रमों द्वारा रोजगारपरक शिक्षा से छात्र लाभान्वित हो सकें। किसानों की उपज का अभी भी सहीं दाम नहीं मिल रहा है। बेरोजगारी चरम पर है। नगर और ग्रामीण इलाकों के विकास के लिए बड़े स्तर पर नीतिगत निर्णय नहीं लिए गए हैं। राज्य के युवाओं के साथ रोजगार के नाम पर धोखा किया जा रहा है। उन्होंने यह दावा किया कि सबसे कम नौकरियां भाजपा के शासन काल में निकली हैं। राज्य में 93 हजार पद खाली हैं। इनमें उपनल के पद हटा दें तो 70 हजार पदों पर युवाओं को भर्ती का इंतजार है। उपाध्याय ने कहा यदि कांग्रेस का राष्ट्रीय नेतृत्व उन पर भरोसा जताते हि हुए उन्हे कांग्रेस प्रत्याशी बनाती है तो निश्चित रूप से नैनीताल- ऊधमसिंहनगर सीट को कांग्रेस की झोली डालेंगे।




## महिला मोर्चा ने घर घर बांटे दिए

बाजपुर (उद संवाददाता)। भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष उमा जोशी के नेतृत्व में मातृशक्ति ने बरेहनी मार्केट से होते हुए हर दुकान व घर पर दिए वितरण का एक कार्यक्रम किया। जिसमें मातृशक्ति ने ढोल नगाड़ों के साथ जय श्री राम के जयघोषों के साथ हर घर वह हर दुकान में दीपक वितरित कर आज 22 जनवरी की शाम को अयोध्या में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के नव निर्मित भव्य मंदिर के लोकार्पण के शुभ अवसर पर अपने आवास तथा प्रतिष्ठानों में दीप जलाकर दीवाली मनाने का आह्वान किया। जिला अध्यक्ष उमा जोशी ने कहा कि पुरातन पीढ़ी से लेकर वर्तमान पीढ़ी तक सभी के दिलों में एक ही अलख जल रही थी कि प्रभु राम अपने घर में विराजे और आज यह सदियों का सपना पूरा हो रहा है। उन्होंने कहा कि देश के करोड़ों हिंदू आज अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहे होंगे कि जब उनके आराध्य प्रभु राम अपने मंदिर में विराजमान होंगे। इस एहसास से ही करोड़ों देशवासियों में उत्साह व उमंग की लहर है और सभी इस समय प्रभु राम के नाम में डूबे हुए नजर आ रहे हैं। उमा जोशी ने कहा वर्तमान पीढ़ी के लिए बहुत सौभाग्य का विषय है कि वह इस महान अवसर का साक्षी बन रही है क्योंकि उनके बुर्जुगो ने जो सपना देखा था वह आज 500 वर्ष बाद पूरा हो रहा है और ऐसे में हर हिंदू बचाने को अपने घरों में दीवाली मनाएगा। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष पूजा जिंदल, सविता शर्मा, बबली, ममता जैन, प्रेम जोशी, उर्मिला, विमल, लता, पूजा, रश्मि, देवकी आदि मातृ शक्ति उपस्थिति रही। व्यापार मंडल के द्वारा मातृ शक्ति का स्वागत भी किया गया।



# भव्य शोभा यात्रा से गदरपुर 'राम मय'




## लोगों ने शोभायात्रा के स्वागत के लिए अपने प्रतिष्ठान पर लगाये श्रीराम ध्वज, जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत एवं प्रसाद वितरण किया गया

गदरपुर(उद संवाददाता)। अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर लोग अपने-अपने स्तर पर कार्यक्रम को भव्य रूप देने में लगे हुए हैं। गदरपुर में श्री शिव पार्वती रामलीला, श्री शिव मंदिर रामलीला एवं अनाज मंडी रामलीला कमेटी के संयुक्त तत्वधान में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जिससे पूरा शहर राममय हो गया। रथो पर सवार होकर राम परिवार की झांकीया व पालकी में राम चरित मानस आकर्षण का केंद्र बनी रही। शोभा यात्रा में तीनों रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अध्यक्ष श्री राम ध्वज लिए चलते नजर आए। नगर परिक्रमा श्री शिव पार्वती रामलीला प्रांगण से प्रारंभ होकर गुलरभोज रोड से होती हुई सेकेनिया रोड़ सठीमत मंदिर से मुड़कर मेन मार्केट होते हुए गुरुद्वारा सिंह सभा से पुरानी अनाज मंडी से होते हुए श्री शिव मंदिर प्रांगण में जाकर समाप्त हुई। जहा पंडित विजय शास्त्री जी द्धारा पूजा अर्चना की गई। कमेटी द्वारा लोगों के लिए भंडारे का भी आयोजन किया गया। श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर पूरे शहर को दुल्हन की तरह सजाया गया। भव्य शोभायात्रा में भगवान श्रीराम परिवार, हनुमानजी और सहित स्कूलों की झांकियां शामिल रहीं, शोभायात्रा में हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए। क्षेत्र पूरा भगवामय हो गया और भगवान श्रीराम के जयकारे गूंजते नजर आया। इस दौरान जगह-जगह पर आतिशबाजी भी की गई। लोगों ने इस शोभायात्रा के स्वागत के लिए अपने प्रतिष्ठान पर श्रीराम ध्वज, जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत एवं प्रसाद वितरण किया गया।हजारों की संख्या में युवा, महिलाएं, बच्चे सहित अन्य अपने हाथों में भगवा झंडा लिए नजर आए व श्री राम के भजनों जो राम को लाए है, अयोध्या में आए प्रभु श्री राम, घर घर भगवा सहित भजनों पर श्रद्धालु झूमने को मजबूर हो गये। सुरक्षा की दृष्टि को देखते हुए व यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए थाना अध्यक्ष भवन जोशी के नेटवर्क में पुलिस टीम चप्पे चप्पे पर नजर आए व शोभायात्रा के साथ कई पुलिसकर्मी चलते हुए नजर आए। इस मौके पर शिव पार्वती रामलीला कमेटी अध्यक्ष प्रेम सचदेवा, श्री शिव मंदिर रामलीला कमेटी अध्यक्ष अनिल गुंबर, श्री अनाज मंडी रामलीला कमेटी अध्यक्ष रविंद्र बजाज, पंडित राजन शर्मा, विधायक अरविंद पांडे, भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा, जय किशन अरोरा, लवली हुड़िया, सुभाष गुंबर, नरेश हुड़िया, राकेश बंटी, विकास तनेजा, रमन छाबड़ा, रिक्कू भुसरी, अशो अशोक हुड़िया, सुरेंद्र चावला राजू, सागर धमीजा, अभिषेक वर्मा, रूपेश वाधवा, सुरेश खुराना, संतोष गुप्ता, मुनि भुसरी, मनोज गुंबर मिंटू, राजेश डावर, मनोज डावर, मनोज रघुवंशी, अनिल गगनेजा, बंटी छाबड़ा, पंकज सेतिया, संजीव नागपाल, समन मुंजाल, तिलक राज गंभीर, अशोक कुमार, कृष्ण सुध ा, संजीव झाम, कृष्ण लाल अनेजा, सतीश घीक, विकास अरोड़ा, राजकुमार सुखीजा, सोनू विश्वास, अनमोल भूड्डी, मोहित अग्रवाल, क्षितिज सुखीजा, पवन धमीजा, परमजीत सिंह पम्मा, टीकम खेड़ा, मोहित अरोड़ा चेरी, अजय कामरा, कार्तिक धमीजा, रवि पाल, शिवम विश्वास, रजत वर्मा, कमल भाटिया, अंकित हुड़िया, रोहित सुदामा, आकाश कोचर, युवम गुंबर, उजाला बजाज, रवीश कुमार, डॉक्टर अंजनी कुमार, शिवा शर्मा, मनीष सेतिया, सागर कालरा, राकेश कंबोज, अरविन्द धवन, अजय खेड़ा, प्रमोद बजाज, अशोक घीर, परवीन अरोरा, जसवीर चीमा, सोनू पोपली, संदीप गुंबर, बंटी, सतीश अनेजा, शटी कालरा, विजय छाबड़ा, निपुण गगनेजा, हैप्पी चंद्रा, अमित सेतिया, हरीश, मोहन, नरेश, अजय, जीवन जोशी, धीरज पंत, सोमनाथ छाबड़ा, सोनू विश्वास, अभिषेक शर्मा, दीपक, अंकित गगनेजा, मदन, गुलशन शर्मा, हनुमंत भुड्डी, सचिन पाल, शिवा, संदीप बत्रा, करन रस्तोगी, सौरभ सैनी, शिवम हुड़िया, यश कालरा,अनंत मदान, अजय बठला, देवेंद्र सिंह, सनी, शिवम त्रिपाठी, सतीश, प्रियांश वर्मा, करन कालरा, अजय कामरा, दर्शन नेगी, विनोद चुघ, योगेन्द्र शर्मा, अर्पण सक्सेना, केशव, कुनाल नारंग, वचन यादव, रवि, नंद किशोर, अरुण कुमार, मोहन, सोनू, अमन, नैतिक, नमन, अजय, कार्तिक, मन्नू, अंजू भुड्डी, पूनम रानी, डिंपल, अंजू बाला, ममता, ज्योति ग्रोवर, सुनीता सुखीजा, ज्योति धमीजा, कुलबीरी चौध री, सीमा, भारती, पूनम, स्वाति, आरती रानी, आशा, स्वीटी, पूजा, सुनीता, ज्योति चुग्घ, किरन, कमलेश, आरती, अमृता, आंचल, चंचल, अनमोल रानी, पिंकी, मोहिनी, आशा, आरती रानी, अंजू, पूनम, योगिता, साधना, मुस्कान, निशा सहित काफी में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# अयोध्या पहुंचे साइकिल यात्री जसविंदर खरबंदा एवं पैदल पदयात्री सुशील गाबा

## श्री हनुमानगढ़ी के महंत जी ने किया स्वागत



रुद्रपुर(उद संवाददाता)। रूद्रपुर से अयोध्या तक 475 किलोमीटर साइकिल यात्रा कर रहे समाजसेवी जसविंदर सिंह खरबंदा एवं पैदल यात्रा पर निकले समाजसेवी सुशील गाबा विगत रात्रि अयोध्याजी पहुंच गए हैं। सुप्रसिद्ध पौराणिक ऐतिहासिक श्री हनुमान गढ़ी पीठ के महंत डॉक्टर देवेशाचार्य जी महाराज ने तीनों समाजसेवियों को रामनाम का पटका पहनाकर उत्साहवर्धन कर आशीर्वाद दिया । ज्ञातव्य है कि अयोध्या की सरयू नदी के दाहिने तट पर ऊंचे टीले पर स्थित हनुमानगढ़ी सबसे प्राचीन मंदिर माना जाता है। अयोध्या में राम जन्मभूमि के दर्शन करने से पूर्व यहां पर हनुमानजी के ही दर्शन करना होते हैं। माना जाता है कि लंका विजय करने के बाद हनुमान यहां एक गुफा में रहते थे और राम जन्मभूमि और रामकोट की रक्षा करते थे। इसी कारण इसका नाम हनुमानगढ़ या हनुमान कोट पड़ा। इसे ही हनुमानजी का घर भी कहा गया। रूद्रपुर उत्तराखंड की धरती से पधारे तीन ऑन यात्रियों की हिम्मत की प्रशंसा करते हुए कहा कि निश्चित रूप से प्रभु राम के अनन्य भक्त भी इतनी हिम्मत कर पाते हैं। स्वागत कार्यक्रम के बाद तीनों राम भक्तों के रात्रि विश्राम एवं भोजन की व्यवस्था भी श्री हनुमानगढ़ी में की गई।

# शिवनगर में किया सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ

रूदपुर(उद संवाददाता)।उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष पूर्व पालिका अध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने एक कार्यक्रम में कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम हम सभी के कण कण कण में विराजमान है,वह देश के करोड़ों करोड़ लोगों के आराध्य हैं।श्रीमती शर्मा रविवार को शिव नगर स्थित श्री हनुमान मंदिर में आयोजित भव्य हनुमान चालीसा पाठ के आयोजन अवसर पर उपस्थित जन समुदाय को संबोधित कर रही थी। इससे पूर्व उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष ज्योति रौतेला के आव्हान पर आयोजित श्री हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। आयोजन से पूर्व वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना की गई ,और उसके बाद संगीतमय हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोगों विशेष कर महिलाओं ने भाग लिया। यहां श्रीमती शर्मा ने कहा कि अयोध्या में भगवान राम के भव्य मंदिर का निर्माण और मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर जगह-जगह हनुमान चालीसा पाठ और दीपक प्रज्वलित करने के कार्यक्रम चल रहे हैं, जिसके तहत रुद्रपुर के शिवनगर स्थित हनुमान मंदिर में भी हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया,उन्होंने कहा कि



प्रभु श्री राम और प्रभु हनुमान सभी की इच्छाओं को पूर्ण करने वाले हैं,उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम समाज में फैली तमाम कुरीतियों को दूर करेंगे, और एक सशक्त भारत का निर्माण होगा। इस अवसर पर पंडित सुदर्शन शर्मा और गणेश भट्ट की टीम के द्वारा कार्यक्रम को पूजा अर्चना के पश्चात प्रारंभ किया गया । कार्यक्रम के दौरान महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली,बकुल साना, गौरी मंडल, नीतू रस्तोगी,संगीता मंडल, सरला ठाकुर, आशा अग्रवाल, देवकी देवी, पुष्पा मंडल, जमुना मंडल, बकुल सिकदर, राम कुमारी, प्रेमलता, ममता, राधा, आशा,सहित सैकड़ो की संख्या में महिलाएं उपस्थित थी। बाद में महिला कांग्रेस द्वारा सभी उपस्थित लोगों को प्रसाद वितरित किया गया।

# अटरिया मंदिर से भव्य झांकियों के साथ निकली शोभा यात्रा

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री अटरिया देवी वैष्णों धर्म सभा द्वारा आज अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर महंत माता पुष्पा देवी के सानिध्य में श्री राम ध्वज यात्रा एवं भव्य झांकियों के साथ कलश यात्रा का आयोजन किया गया। ढ़ोल नगाड़ों के साथ शोभा यात्रा रम्पुरा स्थित अटरिया मंदिर से प्ररम्भ होकर इन्द्रा चौक, गल्ला मंडी, मुख्य बाजार, गांधी पार्क, अग्रसेन चौक, सिविल लाईन, नैनीताल रोड, अटरिया रोड़ होते हुए अटरिया मंदिर में सम्पन्न हुई। शोभा यात्रा में अरविन्द शर्मा, अशाक यादव, राजेश गुप्ता, पंकज गौड़, मोहित शर्मा, सौरभ शर्मा, नरेन्द्र यादव, सुरेश शर्मा, योगेन्द्र शर्मा, विकास तिवारी, धनराज चौधरी, महेश शास्त्री व मनीष शर्मा सहित सैकड़ों श्रद्धालु शामिल थे। इस दौरान महंत पुष्पा देवी ने सभी क्षेत्रवासियों को अयोध्या में प्रभु श्री राम मंदिर के भव्य उद्घाटन समारोह की शुभकानयें देते हुए कहा कि भारत के इतिहास में यह शुभ अवसर पहली बार आया है। हम सभी को प्रभु श्री राम के भव्य मंदिर में हो रही प्रण प्रतिष्ठा का लंबे समय से इतजार था जो आज पूर्ण हो गया है। उन्होंने कहा कि अयोध्या धाम में इस प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर पूरे देश में उत्साह की लहर है। ऐसी अटूट श्रद्धा और आस्था बहुत कम देखने को मिलती है कि जब पूरा देश ही राममय हो चुका है। उन्होंने कहा कि प्रभु राम सभी के आराध्य हैं और यह हर्ष का समय है कि जब पूरा देश एकजुट होकर प्रभु राम के नाम का जाप कर रहा है।






जय गुरुदेव इण्डस्ट्रीज परिवार
की ओर से सभी किसान भाइयों को
भव्य श्री राम मन्दिर में प्रभु श्री राम लला
के विराजमान होने की हार्दिक बधाई
बंशीधर गुम्बर, डायरेक्टर
JGI
JAI GURUDEV INDUSTRIES
Corporate Office: C-19/20, Industrial Estate, Kichha Bypass Road
Rudrapur-263153 ) Distt. U.S.Nagar), State - Uttarakhand
E-mail: jaigurudev86@yahoo.com | Website: www.jaigurudevthresher.com

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## आतंकवादियों की निगरानी

जबसे भारतीय सुरक्षा बलों ने नियंत्रण रेखा पर निगरानी कड़ी की है, पाकिस्तान की तरफ से घुसपैठ और दहशतगर्दी के साजो-सामान भेजने की कोशिशों पर काफी हद तक लगाम लग गई है। ऐसे में आतंकवादी संगठनों ने ड्रोन को अपना नया हथियार बना लिया है। रात के अंधेरे में वे ड्रोन के जरिए हथियार, गोला-बारूद और नशीले पदार्थ भारतीय सीमा में गिराने में कामयाब हो जाते हैं। इस मामले में पाकिस्तान की सीमा से सटे पंजाब के इलाके उनके लिए ज्यादा मुफीद नजर आते हैं। शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात फिरोजपुर में ड्रोन के जरिए एक एके-47 राइफल, दो मैगजीन, चालीस कारतूस और चालीस हजार रुपए से भरा एक थैला गिराया जाना इसी का ताजा उदाहरण है। सीमा सुरक्षा बल को ड्रोन की गतिविधि का पता चला और गहन तलाशी अभियान चलाया गया, तो एक खेत से यह साजो-सामान बरामद हुआ। पिछले कुछ वर्षों में सीमा पार से ड्रोन भेजे जाने की घटनाएं काफी बढ़ी हैं। पिछले महीने सीमा सुरक्षा बल ने बताया कि बीते वर्ष उसने एक सौ सात ड्रोन मार गिराए और करीब साढ़े चार सौ किलो हेरोइन, तेईस हथियार और पांच सौ से अधिक कारतूस बरामद किए। यानी इसके अलावा अनेक मामलों में आतंकी संगठनों को सफलता भी मिली होगी, जिसके ठीक-ठीक आंकड़े दर्ज नहीं हैं। हालांकि पिछले आठ-नौ वर्षों में सीमा पर चौकसी बढ़ाने, सघन तलाशी अभियान चलाने, आतंकी संगठनों को मदद पहुंचाने वालों पर शिकंजा कसने, पाकिस्तान के साथ सड़क मार्ग से तिजारत बंद होने के बाद जम्मू-कश्मीर में सीमा पार से होने वाली घुसपैठ पर लगाम लगी है। फिर भी दहशतगर्द अपनी साजिशों को अंजाम देने में कामयाब हो जाते हैं। इसकी वजह समझी जा सकती है। जो साजो-सामान और वित्तीय मदद उन्हें घुसपैठ के जरिए पहुंचाई जाती थी, वह ड्रोन से पहुंचाई जाने लगी है। जम्मू-कश्मीर के युवाओं को गुमराह कर उन्हें हथियार उठाने को तैयार किया जा रहा है। पंजाब में खालिस्तान समर्थकों को उकसाने की वजहें भी स्पष्ट हैं। उजागर है कि जम्मू-कश्मीर में सक्रिय आतंकी संगठनों और पंजाब के खालिस्तान समर्थकों के तार परस्पर जुड़े हुए हैं। पंजाब में ड्रोन से गिराए जा रहे साजो-सामान आतंकवादियों तक पहुंचाने में यह गठजोड़ काम आता है। नशीले पदार्थों की खेप उन्हें वित्तीय संसाधन जुटाने के काम आती है। हैरानी की बात नहीं कि पंजाब और उससे सटे राज्यों में नशे का कारोबार फैलाने में ऐसे संगठनों से जुड़े लोगों का बड़ा हाथ है। हालांकि सीमा पार से ड्रोन के जरिए पहुंचाए जा रहे साजो-सामान और नशीले पदार्थों की खेप पर नजर रखने के लिए भारतीय सीमा सुरक्षा बल ने ड्रोन-रोधी तकनीक तैनात कर रखी है, जिससे ऐसी गतिविधियों की टोह लेने और उन्हें मार गिराने में काफी आसानी हुई है। इसके लिए दिल्ली में भी केंद्रीय नियंत्रण और विश्लेषण कक्ष बनाया गया है। पिछले वर्ष के सीमा सुरक्षा बल के आंकड़ों से जाहिर है कि इस मामले में उसे काफी कामयाबी मिली है। इस तरह निस्संदेह पाकिस्तान की जमीन से चलाई जा रही आतंकी गतिविधियों को गंभीर चोट पहुंच रही है। खालिस्तान समर्थकों पर भी काफी हद तक लगाम कसी जा चुकी है। मगर कश्मीर घाटी में स्थानीय युवाओं को बरगला कर दहशतगर्द बनाने की कोशिशों पर लगाम लगाना अब भी चुनौती है। जब तक इस दिशा में सफलता नहीं मिलती, पाकिस्तान के आतंकी मंसूबों पर पानी फेरना कठिन बना रहेगा।

# सितारगंज नगर में निकली भव्य शोभा यात्रा

सितारगंज(उद संवाददाता)। अयोध्या में श्रीरामलला की। रामोत्सव को लेकर सितारगंज में भी उल्लास है। शोभायात्रा में उत्तराखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा शामिल हुए सितारगंज में भव्य भगवान श्रीराम की शोभायात्राएं निकाली गयी। इसमें आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। शोभायात्रा रामलीला मैदान से प्रारंभ हुई लोगों ने जोरदार स्वागत किया। पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा में शामिल भक्त रामभजनों पर नाचते-गाते हुए चल रहे थे। हर कोई रामोत्सव के उल्लास में सराबोर दिखाई दिया। जगह जगह- भव्य स्वागत किया गया। बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुईं। हाथ में राम पताका थामे महिलाएं जय श्रीराम के नारे लगाते हुए चल रही थीं। लोगों ने पुष्प बरसाकर





शोभायात्रा का स्वागत किया। लोगों ने फूल बरसाकर रामदूत शोभायात्रा का स्वागत किया। उत्तराखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कि यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि आज पूरे देश में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर उत्सव का माहौल दिखाई दे रहा है। हम पूरे देशवासियों को इसके लिए बधाई देते हैं। इस मौके पर भगवान सिंह भंडारी, संजय गोयल, दुर्गेश, मोहन, मयंक गोयल, सौरभ अरोरा, भगवान सिंह भंडारी, रूपल अग्रवाल, पवन अग्रवाल, अनिरुद्ध राय, आशीष पांडे, मुकेश श्रीवास्तव, सौरभ सिंघल, रोहित गर्ग, उदय सिंह राणा, प्रिंस रस्तोगी, चेतन जिन्दल, भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, मंडल अध्यक्ष आदेश चौहान, हरिओम देवल, राजेश गहतोड़ी आदि थे।

# आतिशबाजी और गाजे बाजों के साथ निकली भव्य शोभा यात्रा

खटीमा (उद संवाददाता)। श्री राम जी की शोभायात्रा खटीमा शहर में बड़ी धूमधाम से निकाली गई। यात्रा रामलीला ग्राउंड से प्रारंभ होकर शहर के चारों मुख्य मार्ग पर निकली जहां जगह यात्रा के स्वागत के लिए स्थानीय निवासियों ने भंडारे एवं लंगर की व्यवस्था की। प्रातः कालीन यात्रा में सुबह से ही माहौल दिवाली जैसा प्रतीत होने लगा पूरा शहर भगवा रंग श्री राम जी के हनुमान जी के झंडों से पटा नजर आया। यात्रा में श्री राम जी की हनुमान जी की झांकी आगे आगे पंजाबी डांस भांगड़ा, छोलिया नृत्य करते हुए कलाकार पूरे शहर में घूम लोगों ने घरों से निकलकर यात्रा में भाग लिया यात्रा में आए। राम भक्तों ने यात्रा का जगह जगह स्वागत किया। जगह-जगह आतिशबाजी से माहौल दिवाली सा प्रतीत हो रहा था। घर-घर भगवा छाएगा रामराज फिर आएगा, जय श्री राम के नारों से पूरा शहर घने कोहरे के बावजूद राम भक्त उत्साहित होकर यात्रा में शामिल हुए और झूमते गाते



नाचते आतिशबाजी करते पूरे शहर में घूम, यात्रा रामलीला ग्राउंड पहुंची जहां विशाल महा आरती में हजारों भक्त शामिल हुए। रामलीला ग्राउंड में अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण किया गया। रामलीला कमेटी द्वारा कार सेवा में भाग लेने वाले एवं आयोजक मंडल के राम भक्तों को सम्मानित किया गया। अग्रवाल युवा संघ द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। आर पी पब्लिक स्कूल आवास विकास कॉलोनी खटीमा फाइबर सिद्धेश्वर शिव मंदिर बैजनाथ मंदिर हनुमान मंदिर में सुंदरकांड का पाठ एवं भंडारे का आयोजन भी किया गया। यात्रा में मुख्य रूप से आयोजित मंडल के रमेश चंद्र जोशी, मनोज वाधवा, अचल शर्मा, राजीव अग्रवाल, किशन किन्ना, नवीन बोरा, सतीश गोयल, मोहिनी पोखरिया, नीलू गुप्ता, राजीव बंसल, चिन्नू अग्रवाल, भानू प्रताप शास्त्री, नेतराम तिवारी, राजू, रविंद्र श्रीवास्तव, जीवन धामी, नीरज शर्मा, गोकुल ओली, नवल वाल्मीकी, सिंटू गुंबर, प्रदीप अग्रवाल, सुरेश, रोहित वर्मा उपस्थित थे।

# धूमधाम से मनाया राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म सभा के सरक्षण में संचालित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर एवं श्री हरि मंदिर में श्री धाम अयोध्यापुरी में भगवान श्री राम जी के नव्य एवं भव्य मंदिर के गर्भ गृह में प्राण प्रतिष्ठा का उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जिसमें मंदिर को विशेषरूप से सजाया गया। स्थान-स्थान पर तोरण द्वार तथा ध्वज लगाए जाए। मंदिर को फूलों से अति सुन्दर सजाया गया। प्रात: काल से ही भक्तों द्वारा भजन, कीर्तन तथा राम नाम से वातावरण गुंजायमान कर दिया। भजन कीर्तन के उपरान्त प्रसाद वितरण तथा लंगर वितरित किया गया। श्रद्धा-भक्ति के साथ भक्तजनो ने भगवान श्री देव विग्रह का दर्शन कर आर्शीवाद प्राप्त किया। श्री रामलला जी के प्राण प्रतिष्ठा उत्सव का सीधा प्रसारण को व्यवस्था भी मंदिर में की गई। सांयकाल दीप प्रज्वलित कर भक्तजन आनन्दित हुए। सभी भक्तजनों ने दीप पूजन कर मंदिर में दीपोत्सव का पर्व मनाया। इस उत्सव में सभी मांगलिक कार्यक्रम सम्पन्न हुए। उत्सव में भाग लेने वाले सभा के सरपरस्त नन्दलाल भुड्डी, रोहिताश बत्रा, उप प्रधान तिलक राज घई, विजय जग्गा, महामंत्री ओमप्रकाश अरोरा, महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमति शशि अरोरा एक सभा की सभी सदस्य, महाबीर दल के सुरेश राजदेव व सभी समस्य, युवा मंच के सभी समस्यगण ने उपस्थित होकर अपनी सेवा प्रदान की। सभी कार्यक्रम सभा के अध्यक्ष महेश बब्बर की देखरेख सम्पन्न हुए।





# नगर कीर्तन पैदल यात्रा का हुआ जोरदार स्वागत

गदरपुर(उद संवाददाता)। अमर शहीद बाबा दीप सिंह जी के प्रकाश पर्व को समर्पित एक नगर कीर्तन पैदल यात्रा के रूप में गुरुद्वारा माता गुजरी जी इंदिरा कॉलोनी रुद्रपुर से नवाबगंज तक आयोजित किया गया । बाबा दीप सिंह जी के जन्मदिन को समर्पित पैदल यात्रा गुरुद्वारा साहिब से अरदास के उपरांत बोले सो निहाल सत श्री अकाल के जयकारे के साथ आरंभ की गई पैदल यात्रा में शब्द कीर्तन करती हुई संगत द्वारा, ऐसे गुरु कउ बल-बल जाइए, दर्शन देख जीवां गुरु तेरा ,सूरा सो पहचानिये जो लड़ै दीन के हेत पुर्जा पुर्जा कट मरे कबहूं ना छाडे खेत,आदि गायन किए गए । शहीद बाबा दीप सिंह गतका अखाड़ा रुद्रपुर एवं फेयरलेस खालसा गतका अखाड़ा गदरपुर द्वारा



गतके के शानदार जौहर एवं हैरत अंगेज करतब दिखाकर अपनी कला का प्रदर्शन किया । पैदल यात्रा रुद्रपुर से ग्रीन पार्क, जाफरपुर,धौलपुर, महेशपुर, गुरुद्वारा गुरु नानक दरबार महतोष ,रतनपुरी मोड, अलख देवा, रतनपुरा, गुरुद्वारा श्री गुरु हरगोबिंद सर नवाबगंज होते हुए गु, शहीद बाबा दीप सिंह पछियापुर में संपन्न हुई । इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा जगह-जगह गुरु का लंगर एवं अन्य प्रसाद वितरित करके सेवा की गई ।

# राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा पर सिद्धेश्वर बाला जी मंदिर में हुई पूजा अर्चना

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। आज तीर्थ नगरी अयोध्या में भगवान श्री राम के भव्य मंदिर के लोकार्पण के शुभ अवसर पर आदर्श कालोनी स्थित श्री सिद्धेश्वर बाला जी मंदिर में विशेष पूजा अर्चना की गई। मंदिर के महंत रमेश वशिष्ठ के सानिध्य में आयोजित पूजा के मुख्य जजमान हरीश गुम्बर परिवार रहे। इस मौके पर हरीश कोली, मुकेश वशिष्ठ, धीरू त्रिपाठी, सुधीर, मनोज मेहता, प्रकाश वशिष्ठ, रविता, मोहिनी, नीतू, सिम्मी, वीरवती आदि मौजूद थे। कार्यक्रम के अंत में लंगर प्रसाद वितरित किया गया।



# ..संघर्ष से स्थापना तक



**कहानी है ये पांच सौ वर्ष पुरानी**
**जब की गई थी खण्डित मेरे राम की निशानी**
**जिसने खुद करी थी श्रष्टि कि रचना**
**छीन लिया गया उस कृपालु से घर अपना**
**कटघरे में ला खड़ा किया त्रिपुरारी के अस्तित्व को**
**मिथ्या बताया गया ब्रह्मांड के अटल सत्य को**
**देख अपने राम की दशा रोई थी अयोध्या**
**तब करी गई थी "पुनर्स्थापना" की दृढ़ प्रतिज्ञा**
**शुरू हुआ दौर हर राम भक्त के संघर्ष का**
**नम आँखें करने लगी इंतजार वनवास खत्म होने के वक्त का**




**खाई थी सौगंध रामलला को फिर लायेंगे**
**हर जुबा पे था नारा "मंदिर यही बनाएँगे"**
**दी गई हजारों कुर्बानियाँ, सैकड़ों घर हुए वीरान**
**सवाल था आस्था का..न थकना था.. न करना था विश्राम**
**फिर आई वो सुबह, जब घर घर लहराया भगवा**
**लाया संघर्ष रंग, सच हुआ राम राज्य का सपना**
**सज गई जन्मभूमि, प्राण प्रतिष्ठा की हुई तैयारी**
**बैठी है स्वागत में पलके बिछाए प्रजा सारी**
**जो किया था वादा वो पूरा करके दिखाया है**
**देख लो रघुनंदन , मंदिर बनाया है.. मंदिर वही बनाया है**
**'जय श्रीराम'**

**-मोहित गंभीर पुत्र स्वर्गीय श्री राजेन्द्र गंभीर**

# 5100 दीयों से भारत का नक्शा बनाकर मनाया दीपोत्सव

हल्द्वानी ( उद संवाददाता)। एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू मार्गदर्शक आरपी सिंह के नेतृत्व में संस्था के माध्यम से प्रभु श्रीराम जी की जन्मभूमि अयोध्या जी में प्रभु श्रीराम मन्दिर में प्राण प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या पर संस्था पदाधिकारियों ने हल्द्वानी के क्वीन्स पब्लिक स्कूल में 5100 दीयों से भारत का नक्शा बनाकर जय श्री राम लिखकर दीपोत्सव एवं सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ किया गया। इस दौरान एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था अध्यक्ष योगेन्द्र कुमार साहू सदस्य अमन कुमार ने संयुक्त रूप से कहा कि भगवान श्रीराम जी ब्रह्मांड के सबसे आदर्श पुरुष है जिन्होंने मनुष्य के रूप में जन्म लेकर ब्रह्मऋषि विश्वामित्र से विद्योपार्जन के उपरांत पृथ्वी पर असंख्य राक्षसों का संहार कर सत्य न्याय धर्म दया मर्यादा का पालन करते हुए दृढ़ संकल्प शक्ति के साथ संघर्ष त्याग तपस्या समर्पण सदाचार का उत्कर्ष उदाहरण देकर प्रभु श्रीराम जी ने हम सबके लिए सत्य न्याय धर्म दया के मार्ग पर चलने के लिए मार्ग प्रशस्त किया है इसलिए आज जब रामभक्तों के पाँच सौ सालों के कठिन परिश्रम बलिदान दृढ़ निश्चय संकल्प शक्ति के बाद प्रभु श्रीराम जी की जन्मभूमि अयोध्या जी में प्रभु श्री राम जी का भव्य दिव्य अद्भुत अलौकिक अविस्मरणीय स्वर्ण जड़ित



श्री राम मन्दिर में प्राण प्रतिष्ठा से प्रभु श्रीराम जी के विराजमान होने पर सम्पूर्ण विश्व रामभक्ति के उत्साह उमंग में भाव विभोर होकर राम मय है। दीपोत्सव में एक समाज श्रेष्ठ समाज संस्था के मार्गदर्शक साकेत अग्रवाल ,उपाध्यक्ष लोकेश कुमार साहू, सचिव नन्दकिशोर आर्या, कोषाध्यक्ष बलराम हालदार, मीडिया प्रभारी मुकेश सरकार, अमन कुमार, शौफाली जायसवाल, प्रेरणा चनियाल,अंकिता खतवाल ,हेमन्त कुमार साहू, रिंकी गुप्ता ,धर्मा कुमारी ,खेमराज साहू, नीतू रौतेला, प्रीति आर्या ,अलका टंडन, बरखा शर्मा, अलका जीना, योगिता बनोला, एकता जायसवाल, कुसुम बोरा, ज्योति जयसवाल, कनक चन्द, सीमा बत्रा, खुशबू जायसवाल, कमला द्विवेदी, मनीष साहू, युवराज गुप्ता, निखिल साहू, पूनम गुप्ता, सूरज मिस्त्री, रितिक साहू, अमित गोस्वामी, रोहतास प्रजापति, सुशीला सरकार, पुलकित कुमार, नन्दकिशोर आर्या, महेश साहू, दीपक कुमार, आशा रावत, नीता रौतेला, मंजू वार्ष्णेय, लक्ष्मी हालदार, सुशील राय, चम्पा हालदार, चंचल मिस्त्री, अंशिका साहू, दया जोशी, सुनीता तिवारी, कनिष्क साहू, श्रद्धा पाण्डेय, अजय बिष्ट, मनोज शाह, कमल जोशी, नैना तिवारी, सुष्मिता रावत, गरिमा साहू, निधि सिंह, नंदा राणा, जानकी कश्यप, सुमित राय, जोशना राय, बिजली मंडल, संदीप यादव, अरविन्द कुमार, अशोक कुमार, मुकेश कुमार, सूरज कुम्हार आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# टुकटुक यूनियन ने निकाली भव्य शोभा यात्रा






गूलरभोज(उद संवाददाता)। श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से पहले गूलरभोज में जगह-जगह टुकटुक यूनियन गूलरभोज के द्वारा शोभा यात्रा निकाली गई। इस दौरान जय श्री राम के जयकारों से शहर राममय हो गया। शोभायात्रा गूलरभोज कॉलोनी नंबर 2 नई बस्ती चक्की मोड, कोपा कुल्हा, होते हुए गूलरभोज शिव मंदिर में समाप्त हुई। मुख्य बाजार में आशु रघुवंशी, सुरेंद्र अनेजा, विशाल गुंबर, मनोज सिडाना ने पुष्प वर्षा करके जलपान की व्यवस्था की। इस अवसर पर टुकटुक यूनियन के अध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता, डॉ कुलदीप रघुवंशी, अमित कुमार गुप्ता, भूपेंद्र आर्य, नंदन नेगी, विजय कुमार, शंकर, महेश कुमार, मुकेश कुमार, सुरजीत कुमार, हरीश कुमार, चंद्रपाल, नरेश कुमार, महेश कुमार, किशन कुमार, शिव कुमार, अजीत कुमार, सीताराम, रोहित कुमार, बबलू, राजेश कुमार, मनोज कुमार, गणेश भारती, रामपाल, मिथुन, पवन कुमार आदि उपस्थित थे। उधर राज अनेजा के प्रतिष्ठान पर राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में हलवे का प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर कुलदीप रघुवंशी राजनेजा गिरध री लाल गुलशन अनेजा मयंक अनेजा सुरजीत सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

# स्व. खुराना ने भी निभाई थी राम मंदिर आंदोलन में भूमिका

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। आदर्श कालोनी क्षेत्र के भूतपूर्व पार्षद कृष्ण लाल खुराना ने भी राम मंदिर आंदोलन में अपना अहम योगदान दिया था। वह आंदोलन में शामिल होने के चलते अल्मोड़ा जेल में भी रहे। स्व. कृष्ण लाल खुराना आदर्श कालोनी वार्ड नं. 13 से सभासद रहे थे और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता थे। उन्होंने रामजन्मभूमि आंदोलन के दौरान कई दिन अल्मोड़ा जेल में बिताये। पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बेहड़ भी उनके साथ अल्मोड़ा जेल में रहे थे। स्व. खुराना के पुत्र सचिन खुराना ने कहा कि उनके पिता की अंतिम समय में भी इच्छा थी कि अयोध्या में प्रभु श्री राम का भव्य मंदिर स्थापित हो। आज उनका सपना साकार हो रहा है।



# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की दर्दनाक मौत

रूद्रपुर ( उद संवाददाता)। सड़क किनारे वाहन की प्रतीक्षा कर रहे एक युवक को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। गंभीर हालत में युवक को अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मचा है। जानकारी के मुताबिक मूल रूप से रानीखेत के ग्राम भुजान बोहरा निवासी 38 वर्षीय आनन्द सिंह बोरा पुत्र शिव सिंह यहां जगतपुरा आवास विकास में किराये के मकान में रहता था। सोमवार सुबह आनन्द गदरपुर रोड किरतपुर मोड़ पर वाहन की प्रतीक्षा कर रहा था तभी अज्ञात वाहन ने उसे रौंद दिया। घटना के बाद वाहन चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। घटना के बाद मौके पर भीड़ लग गयी। सूचना पर एसआई मुकेश मिश्रा मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायल को अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस की सूचना पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गये। घटना से परिवार में कोहरा मचा है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# ई रिक्शा चालक से मारपीट कर नगदी छीनी

रूद्रपुर ( उद संवाददाता)। गत दोपहर आवास विकास में रिजर्व पुलिस लाईन के पास दो लोगों के कहने पर एक व्यक्ति ने ई रिक्शा चालक से मारपीट कर उसके पास से हजारों की नगदी छीन ली। इन्दल सिंह पुत्र सुबेदार सिंह निवासी डिमान्ड पार्क छतरपुर रोड का कहना है कि उसका जगतपुरा ट्रांजिट कैम्प में एक मकान है। 21 जनवरी को लगभग दोपहर एक बजे अपने मकान में रहने वाले सभी किरायेदारो से किराया 20 हजार रुपए नगद प्राप्त कर अपने ई रिक्शा पर सवार होकर निवास स्थान छतरपुर की ओर जा रहा था। मार्ग में आवास विकास स्थित रिजर्व पुलिस लाईन के पास कलश यात्रा निकल रही थी। उसने अपना ई रिक्शा सड़क के किनारे लगा रहा था कि पीछे की ओर से एक मोटर साईकिल पर सवार दो व्यक्ति ने किसी एक अन्य व्यक्ति से कहा कि इस ई रिक्शा वाले को मारो, उक्त दोनो व्यक्ति के कहने पर तीसरे व्यक्ति ने उसे बुरी तरह से मारा पीटा तथा उसके पास रखे बीस हजार रुपए छीन लिये और देख लेने की धमकी देकर फरार हो गया।

## पेज एक का शेष...

**आ गये राम लला...**दौरान गर्भगृह में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, संघ प्रमुख मोहन भागवत भी नजर आए। प्राण प्रतिष्ठा की मुख्य पूजा अभिजीत मुहूर्त में की गयी। यह कार्यक्रम अभिजीत मुहूर्त, इंद्र योग, मृगशिरा नक्षत्र, मेष लग्न एवं वृश्चिक नवांश में किया गया। पूजा-विधि के जजमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों श्रीरामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की गयी। यह अनुष्ठान काशी के प्रख्यात वैदिक आचार्य गणेश्वर द्रविड़ और आचार्य लक्ष्मीकांत दीक्षित के निर्देशन में 121 वैदिक आचार्यों ने संपन्न कराया। इस दौरान 150 से अधिक परंपराओं के संत-धर्माचार्य और 50 से अधिक आदिवासी, गिरिवासी, तटवासी, द्वीपवासी, जनजातीय परंपराओं की भी उपस्थिति रही। प्राण प्रतिष्ठा का कार्य पूरा होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, संघ प्रमुख मोहन भागवत ने सभा को सम्बोधित किया।

**सीएम ने राम सरित मानास...**के बलिदानों के बाद इस भव्य व दिव्य महोत्सव का साक्षी बनकर अत्यंत प्रफुल्लित व हर्षित हूं। राम जन-जन के हैं, राम हर कण में हैं। इस पावन अवसर पर चहुँदिशि आनंद, उत्साह तथा उल्लास है, संपूर्ण जगत में एक अलग ही तरंग और उमंग है। मुख्यमंत्री ने समस्त प्रदेशवासियों से घरों, सामाजिक स्थानों व धार्मिक स्थलों को साफ सुथरा रखने तथा इस पावन अवसर को पर्व की तरह मनाने का आह्वान किया। उन्होंने सभी से भावी पीढ़ी को इस संघर्ष और प्रभु राम के जीवन से परिचित कराने के लिए उन्हें इसके विषय में अवगत कराने की अपील भी की। इस दिव्य अवसर पर उन्होंने प्रभु राम जी से प्रदेशवासियों के मंगल एवं पूरे विश्व में रह रहे सभी सनातनियों के कल्याण की कामना की।

**हर तरफ राम मय..**दी उसके पश्चात करतारपुर रोड स्थित मोटेश्वर महादेवमंदिर, बालाजी धाम दरबार, वसुंधरा एनक्लेव, अटरिया मंदिर और दुर्गा मंदिर में पहुंचकर दीप जलाए और प्रभु श्री राम का गुणगान किया। 11 कुंडीय हवन यज्ञ में उनके साथ उनकी पत्नी कनिका चुघ व अन्य परिजन भी मौजूद थे। हवन यज्ञ पंडित विपिन आर्य ने संपन्न कराया। श्री चुघ ने रामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव पर सभी क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं दी। इस दौरान अनुज शर्मा, प्रीति शर्मा, प्रेम सिंह, सी डी सिंह ,शंकर शर्मा, शिवम अग्रवाल, अजय ठाकुर, विष्णु अग्रवाल ,दीपक शर्मा राजकोली सनी पासवान दीपक राणा शिवकुमार शिबू समेत कस्तूरी वाटिका परिवार के तमाम सदस्य मौजूद थे।

**श्री राम मंदिर प्रण प्रतिष्ठा..**दुल्हन की तरह की सजाया गया, वहीं आयोजन के दौरान किसी तरह का हुड़दंग न हो इसके लिए भी खास इंतजाम पुलिस प्रशासन की ओर से किए गए। वहीं पुलिस अधिकारियों ने लोगों से ऐतिहासिक पल को समारोह पूर्वक मनाने की अपील की है। साथ ही उन्होंने मोबाइल पर आने वाले अंजान कॉल से भी सावधान रहने की हिदायत दी। कहा कि श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए ठग चंदा मांगने के लिए फोन कॉल या फिर व्हट्सअप कॉल कर आपको ठगी का शिकार बना सकते हैं। ऐसे में उन्होंने लोगों से सावधानी बरतने की अपील की है।


# सीएम धामी ने दी शुभकामनायें 1.5 लाख दीप प्रज्वलित किए गए

देहरादून। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने सपरिवार श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या पर मुख्यमंत्री आवास में फूलों की रंगोली बनाई व दीप प्रज्वलित किए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि हम सभी प्रदेशवासी अपने घरों में इस प्राण प्रतिष्ठा के पावन पर्व को उत्साह एवं उमंग से मनाएं। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या पर परेड ग्राउंड, देहरादून में आयोजित दीपोत्सव कार्यक्रम में प्रतिभाग किया और दीप प्रज्वलित कर सभी को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की शुभकामनाएं दी। इस दौरान 1.5 लाख से अधिक दीप प्रज्वलित किए गए।

# स्टार्टअप बूट कैंप 23 और 24 जनवरी को

किच्छा ( उद संवाददाता)। राजकीय महाविद्यालय किच्छा में देवभूमि उद्यमिता योजना का स्टार्ट अप बूट कैंप 23 और 24 जनवरी को महाविद्यालय परिसर में आयोजित होगा। इस संबंध में प्राचार्य की अध्यक्षता में आयोजन समिति की बैठक संपन्न हुई। कैंप में किच्छा स्थित उच्चशिक्षण संस्थानों के 300 विद्यार्थी प्रतिभाग करेंगे। उद्यमिता के प्रति विद्यार्थियों को जागरुक करने के लिए संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहा है। प्राचार्य डॉ राजीव रतन ने इस आयोजन पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि देवभूमि उद्यमिता योजना से उत्तराखंड के युवा उद्यमिता के क्षेत्र में अपना करियर बना सकेंगे। प्राचार्य ने कहा कि नोडल अधिकारी एवं समिति को बूट कैंप की सभी तैयारियाँ पूरी करने के आदेश दे दिए गए हैं। योजना के महाविद्यालयी स्तर पर नोडल डॉ प्रकाशचंद भट्ट ने बताया कि कैंप में प्रतिभाग हेतु विद्यार्थियों को जागरूक किया जा रहा है। व्हाट्सएप ग्रुप में 195 विद्यार्थी जुड़ चुके हैं। योजना के निर्देशानुसार सूरजमल विश्वविद्यालय किच्छा, सूरजमल महाविद्यालय किच्छा. गन्ना कृषक महिला महाविद्यालय के विद्यार्थियों को भी बूट कैंप में प्रतिभाग के लिए आमंत्रित किया गया है। एनईपी पाठ्यक्रम में उद्यमिता को अनिवार्य पाठ्यक्रम के रूप में शामिल किया गया है ।बैठक में डॉ नरेश कुमार,डॉ उमराव सिंह, डॉ हर्षिता तिवारी,शुभम गंगवार,लवली पांडेय,आनन्दसिंह मौजूद रहे।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


गुरु माँ इलैक्ट्रोविस परिवार
की ओर से भव्य श्री राम मन्दिर में प्रभु श्री राम लला के विराजमान होने की हार्दिक बधाई
गुरू माँ
Sony Center
GURU MAA ENTERPRISES
SAMSUNG
Whirlpool
DAIKIN
VOLTAS
IFB
HITACHI
BOSCH
JBL
Haier
DELL
KONICA
DIGITAL PHOTO EXPRESS
Guru Maa Enterprises
RUDRAPUR Kashipur Bypass Road Ph.: 8410888888, 9917161111
KASHIPUR Cheema Chauraha Ramnagar Road Ph.: 9927813555
HALDWANI Church Compound Opp. Bank of Baroda, Nainital Road Ph.: 8474918888
GADARPUR Punjabi Colony Gali, Ph.: 9927850999